卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 145 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦1 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम की आभार रैली में उमड़ा सैलाब






हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नकल विरोधी कानून के समर्थन में आज भाजपाईयों ने आभार रैली के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। रैली में कुमांऊभर से हजारों भाजपाईयों का सैलाब उमड़ पड़ा। रामलीला मैदान में आयोजित रैली में भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाकर और गदा भेंट कर सम्मानित किया। रैली में उमड़ी भीड़ का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने ऐसा नकल विरोधी कानून बनाया है जिसकी पूरे देश में चर्चा हो रही है इस कानून से प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो गया है। अब कोई भी नकल माफिया युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून मेहनती युवाओं का भविष्य संवारकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में कुछ षडयंत्रकारी लोग प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करवाकर मेहनतकश युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना रहे थे। जिस पर भाजपा सरकार ने कड़ा कदम उठाया। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून बनने से प्रदेश के मेहनतकश युवाओं को आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिलेंगे। यह कानून (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम का विरोध करने जाते युंकाई गिरफ्तार




हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नकल विरोधी कानून बनाने पर आयोजित आभार रैली में शामिल जीने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन का यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज तिकोनिया चौराहे के पास जोरदार नारेबाजी के साथ विरोध किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता सीएम पुष्कर धामी को काले झंडे दिखाने प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में जा रहे थे। इसके भनक लगते ही पुलिस अधिकारी वाहनों के साथ वहां आ पहुंचे और कार्यकर्ताओ को पुलिस ने पकड़ा लिया। इस दौरान उनकी पुलिस बल से नोंक झोंक तथा धक्का मुक्की भी हुई।यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम का विरोध करने को लेकर सुबह से तैयारी में थे। इस दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। विरोध (शेष पृष्ठ 7 पर)

## चोरी की बाईस बाईकों के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर/खटीमा( उद संवाददाता)। खटीमा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर चोरी की 22 बाइकें बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी ने खटीमा कोतवाली में पत्रकार वार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि खटीमा पुलिस ने बरेली



निवासी अली हसन उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया है।जिसकी निशानदेही पर उसके द्वारा जिले व पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से चुराई गई 22 बाइकें बरामद की गई है। एस एस पी ने बताया कि उत्तराखंड में इस साल पहली बार (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में घुसकर वाहन डीलर पर फायर झोंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं गगन ज्योति बारात घर के पास दुकान के आगे कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने दुकान में घुसकर वाहन डीलर से मारपीट कर उस पर फायर झोंक दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अभय चौहान पुत्र प्रमोद चौहान निवासी शान्ति कालौनी ने कहा है कि वह आवास विकास गगन ज्योति बारात घर के पास पुरानी गाड़ियां खरीदने व बेचने का कार्य करता है। 28 फरवरी की शाम करीब 4 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी उसकी दुकान पर आये एक ग्राहक ने अपनी गाड़ी दुकान के सामने खड़ी कर दी और वह दुकान के अन्दर आ गया । उसके अन्दर आने के कुछ देर बाद ही पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसकी दुकान में घुस आया और दुकान में बैठे ग्राहक के साथ गाली गलौच करने लगा। अभय का कहना है उसके समझाने पर वह व्यक्ति उसके साथ धक्का मुक्की करने लगा परन्तु किसी तरह उसे बमुश्किल शान्त कराया । जिसके बाद वह दुकान से बाहर चला गया और कहने लगा गाड़ी घर के बाहर खड़ी लेते हो जिससे (शेष पृष्ठ सात पर)

## बारातियों की कार खाई में गिरने से दो की मौत,12 घायल



जोशीमठ( उद संवाददाता)। मारवाड़ी थैंग मोटर मार्ग पर मंगलवार देर शाम थैंग गांव से चार किलोमीटर पहले थली तोक में बारातियों से भरी एक कार खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 10 लोग घायल हो गए। वाहन में कुल 13 लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी कुमकुम जोशी एसडीआरएफ व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। घायलों को स्थानीय नागरिकों की मदद से रेस्क्यू कर जोशीमठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार थैंग गांव के गांव काड़ाखोला गांव तोक से प्रवेश सिंह की बारात बोलेरो वाहन से किमाणा गांव गई थी। मंगलवार देर शाम बारात वापस थैंग गांव आ रही थी कि बदरीनाथ हाईवे पर थली तोक के पास अचानक कार चालक जितेंद्र राणा निवासी ग्राम चाई, थाना जोशीमठ कार से नियंत्रण खो (शेष पृष्ठ सात पर)

### हादसे में बाइक सवार इंजीनियर की मौत

गोपेश्वर। बदरीनाथ हाईवे पीपलकोटी क्षेत्र के गडोरा में डबराल होटल के पास देर शाम मोटर साइकिल दुर्घटना में एक इंजीनियर की मौत हो गई। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन को जानकारी दे दी है। जानकारी के अनुसार बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी गडोरा के पास मंगलवार देर शाम एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बाइक (शेष पृष्ठ 7पर)

## पुत्रियां पैदा होने पर विवाहिता से मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह पश्चात तीन पुत्रियों के जन्म होने से रोषित ससुरालियों द्वारा विवाहिता से मारपीट की गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में तयवा अंसारी पत्नी सोनू अंसारी निवासी रेशमबाडी खेडा ने कहा है कि उसका विवाह 6 वर्ष पूर्व सोनू अंसारी पुत्र शाकिर निवासी रेशमबाडी के साथ हुआ था। सन्तान के रूप में उसकी 3 पुत्रियां आयु क्रमशः 6वर्ष, 4वर्ष, 3 वर्ष है। उसका आरोप है विगत लगभग एक वर्ष से ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका जीवन निर्वाह करना दूभर कर दिया है। पति, सास फरहा, ननद सना, देवरानी सविस्ता,(शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर निगम के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजे कांग्रेसी



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर निगम प्रशासन और मेयर के खिलाफ कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अनियमितताओं और मनमानी की निष्पक्ष जांच की मांग की। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नगर निगम के खिलाफ कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीपी शर्मा ने कहा कि नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित प्रस्तावों को पूल के जरिये टेन्डर वितरण कर अपने चहेते ठेकेदारों भाजपा समर्पित ठेकेदारों को कार्य दिया जा रहा है। साथ ही कहा कि जिन कालोनियों में कालोनाइजरों द्वारा सड़कें नालियों आदि का निर्माण कराया जाना था उनमें मेयर ने अपना निजी हित लाभ लेने के उद्देश्य से लाखों का गोलमाल कर उन कालानियों में सड़कों एवं नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। मेयर अपने चहेते ठेकेदारों का भुगतान करा रहे हैं जबकि कांग्रेस समर्पित ठेकेदारों के लिए बजट न होने का बहाना कर उन्हे भुगतान नहीं कर रहे हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि नगर निगम द्वारा 45 टेण्डरों को पूल के जरिये अपने चहेते ठेकेदारों को कार्य दिये गये हैं जो कि टेण्डर नियमों एवं शर्तों के विपरीत है। मेयर अपने चहेते ठेकेदारों को काम देकर आवंटित(शेष पृष्ठ 7 पर)

## रंजिशन घर में घुसकर परिजनों पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व में बिल्ली चोरी के मामले में रंजिश के चलते कुछ युवको ने खेड़ा कालोनी में एक घर में घुसकर परिजनों पर लाठी डंडों व लात घूसों से हमला कर दिया। जिससे परिजनों को चोटें आ गई। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में बेबी पत्नी स्व. खलील अहमद निवासी खेडा कालोनी ने कहा है कि 27 फरवरी की रात्रि उसका पुत्र गुलाम साबिर अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। इतने में इकबाल पुत्र नसीम कुरैशी, उसका भाई बिलाल सहित हसीन, नसीम कुरैशी, नईम कुरैशी उर्फ गंठा, फहीम कुरैशी, सलीम कुरैशी, हसीन कुरैशी निवासीगण खेड़ा कालोनी ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलोच करना शुरू कर दी और लातों घुंसो तथा लाठी डंडो से मारने लगे। पुत्र अपनी जान बचाने के लिए अपने घर में भागा तो हमलावर उसके पीछे भागते हुए घर में घुस गए जहां उसके छोटे बेटे साजिद अहमद तथा पुत्रीयों को लाठी डंडे से मारने लग गए। हमलावर कहने लगे तुमने अपनी बिल्ली चोरी को लेकर हम खानदान बालों की बदनामी की है हम तुम्हें जिंदा नहीं छोड़ेगे और पूरे परिवार को जान से मार देंगे यह (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्पीकर ने की बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा

## महिला स्वयं सहायता समूह लगाएगा स्थानीय व्यंजनों का स्टॉल,स्कूली छात्रों को किया आमंत्रित





देहरादून (उद संवाददाता)। गैरसैंण में विधानसभा के ग्रीष्मकालीन सत्र को लेकर विस स्पीकर ने सीएम पुष्कर सिंह धामी सेमुलाकत के पश्चात विधानसभा में उच्चस्तरीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये है। मंगलवार को 13 मार्च से शुरू होने जा रहे पांचवीं विधानसभा के बजट सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधानसभा भवन में शासन, पुलिस प्रशासन और विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद रखने के निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि विस सत्र के दौरान विस के कर्मचारी भी बिना वाहन प्रवेशपत्र के विधानसभा परिसर में वाहन नहीं ले जा सकेंगे। विधायकों की सिफारिश पर एक और मंत्रियों की सिफारिश पर दो आगंतुकों को प्रवेशपत्र जारी किए जाएंगे।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी अधिकारी, मंत्री और विधायकों को संपर्क अधिकारी (एलओ) नहीं दिए जाएंगे। उन्होंने स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सदन की कार्रवाई देखने के लिए आमंत्रित करने को कहा। सत्र की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग व वेब कास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग व आईटीडीए की ओर से की जाएगी। सत्र के दौरान अग्निशमन दल के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग आवश्यक चिकित्सा दल, दवाओं, एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, महानिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क बंशीधर तिवारी, मंडलायुक्त गढ़वाल सुशील कुमार, एडीजी लॉ एंड आर्डर वी मुरुगेशन, एडीजी इंटेलिजेंस एपी अंशुमन, आईजी गढ़वाल केएस नगन्याल, एसपी चमोली पीएस डोभाल, अपर सचिव आईटी विजय कुमार सहित शासन-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने जिलाधिकारी चमोली को महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल विधानसभा परिसर में लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह को इससे बढ़ावा मिलेगा।

# सिपाही पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। राजधानी में अवैध खनन सामग्री से भरे वाहन को रोकने गए सिपाही पर हमले की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने डीजीपी अशोक कुमार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद कैंट इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर मामले की निष्पक्ष जांच करने के आदेश जारी कर दिए गए। गौरतलब है कि कैंट थाना प्रभारी का चालक सिपाही मनोज रविवार सुबह सैर पर निकला था। इसी दौरान उसे जैंतनवाला में अवैध खनन की सूचना मिली। वहां उसने खनन सामग्री से लदे ट्रैक्टर को रोका तो चालक ने उस पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। हमले में सिपाही मनोज बुरी तरह घायल हो गया। उसका सिनर्जी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राजधानी में खनन माफिया के इस दुस्साहस की खबर मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंची तो उन्होंने डीजीपी अशोक कुमार को सोमवार सुबह अपने कार्यालय बुला लिया। साथ ही प्रदेश में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई और इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। घटना के बाद पुलिस ने रविवार शाम को वसीम उर्फ गादड़, समीम, अर्सलान और सोहेल निवासी मस्जिद के पास प्रेमनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। समीम ट्रैक्टर चला रहा था। पुलिस ने समीम को प्रेमनगर से गिरफ्तार कर लिया है।

# देहरादून से चारों धामों के लिये हेली शटल सेवाएं संचालित की जाएंगी

देहरादून। सरकार इस साल प्रदेश में चारधाम के लिए हेली सेवाओं का दायरा बढ़ाने जा रही है। इस कड़ी में देहरादून से चारों धामों बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए हेली शटल सेवाएं संचालित की जाएंगी। साथ ही देहरादून से हेमकुंड साहिब के लिए भी हेली सेवा का संचालन किया जाएगा। विशेष यह कि इस वर्ष योजना बदरीनाथ-केदारनाथ के बीच सीधी हेली सेवा शुरू करने की भी है। इससे यात्री कुछ ही घंटों में दोनों धामों में दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए नागरिक उड्डयन विकास परिषद (यूकाडा) ने हेली कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। प्रदेश में चारधाम यात्रा के दौरान हेली सेवाओं का संचालन किया जाता है। विशेष रूप से ये सेवाएं चमोली जिले के गुप्तकाशी व फाटा से संचालित होती हैं। इसके अलावा देहरादून के सहस्रधारा हेलीपैड से भी केदारनाथ व बदरीनाथ धाम के लिए शटल सेवाएं चलाई जाती हैं। हेली सेवाओं से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 में कुल 1.36 लाख यात्रियों ने हेली सेवाओं का लाभ लिया था। इस वर्ष प्रदेश सरकार इन धामों में आने वाले यात्रियों के लिए हेली सेवाओं में और वृद्धि करने जा रही है। इस क्रम में सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए चारों धामों के लिए हेली सेवा शुरू करने का निर्णय लेते हुए इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। हेली कंपनियां इन हवाई मार्गों पर संचालन में रुचि दिखाने के साथ ही यात्री किराये के संबंध में भी प्रस्ताव देंगी। हवाई मार्गों के लिए सहस्रधारा- केदारनाथ- सहस्रधारा केदारनाथ- बदरीनाथ- केदारनाथ सहस्रधारा- बदरीनाथ- सहस्रधारा केदारनाथ- गौचर-केदारनाथ सहस्रधारा- खरसाली (यमुनोत्री)- सहस्रधारा सहस्रधारा- हर्षिल (यमुनोत्री) - सहस्रधारा सहस्रधारा- घांघरिया (हेमकुंड साहिब)- सहस्रधारा नागरिक उड्डयन सचिव दिलीप जावलकर ने कहा कि यूकाडा ने इस वर्ष चारों धामों में हेली शटल सेवा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बदरीनाथ-केदारनाथ धाम के बीच हेली सेवा का संचालन भी प्रस्तावित है। इसके लिए भी हेली कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात इन मार्गों पर हेली सेवाओं का संचालन किया जाएगा।

# अपर मुख्य सचिव ने सिटिंग जज की निगरानी में जांच के लिये लिखा पत्र

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में शासन ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की चार और उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की तीन भर्ती परीक्षाओं की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराने का निर्णय लिया है। अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने महानिबंधक हाईकोर्ट को लिखे पत्र में इन सभी परीक्षाओं की जांच के लिए हाई कोर्ट के सिटिंग जज को नामित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करने को कहा है। उत्तराखंड में बीते कुछ समय में सात भर्ती परीक्षाओं में घपले की बात सामने आई है। इनमें से चार भर्ती परीक्षाओं की जांच एसटीएफ उत्तराखंड और तीन भर्ती परीक्षाओं की जांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार की अध्यक्षता में गठित एसआइटी कर रही है। बेरोजगार युवाओं द्वारा भर्ती परीक्षाओं की जांच सीबीआइ से करने की लगातार मांग की जा रही है। इस पर सरकार ने इनकी जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज से कराने का निर्णय लिया था। इस क्रम में अब शासन ने हाईकोर्ट के महानिबंधक को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता की पक्षधर है। इस क्रम में भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता की जांच के लिए सरकार ने उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में जांच कराने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

# यूट्यूबर स्वाति नेगी को हाईकोर्ट से मिली राहत

देहरादून। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भगवा झंडे पर सवाल उठाने वाली यूट्यूबर स्वाति नेगी को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी तरह की जांच पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने सरकार और पुलिस से यह बताने के लिए कहा है कि मामले में आपीसी की धाराएं 153ए और 295 ए किस आधार पर लगाई गईं हैं। हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार कोटद्वार निवासी स्वाति नेगी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उन्होंने नैनीताल के डीएसए मैदान में एक ब्लॉग बनाया था जिसमें यहां लहरा रहे भगवा झंडे पर सवाल खड़े किए थे। उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने इसे हिंदुओं का अपमान बताते हुए कार्रवाई की मांग की। मल्लीताल कोतवाली में कई शिकायती पत्र दिए। पुलिस ने स्वाति के खिलाफ मल्लीताल कोतवाली में धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने स्वाति नेगी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराए थे। पुलिस की इस कार्रवाई को स्वाति नेगी ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई पर मौखिक रूप से कड़ी टिप्पणी की और इस एफआईआर की जांच पर रोक लगाते हुए पुलिस से जवाब देने के लिए कहा है।

# नौकरी लगाने के नाम पर महिला से 75 लाख रुपये हड़पे

देहरादून। नौकरी लगवाने और किश्तों की रिकवरी कर कमीशन देने का लालच देकर दो व्यक्तियों ने एक महिला से 75 लाख रुपये हड़प लिए। कैंट कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जरीना निवासी सरस्वती विहार, डाकपत्थर (विकासनगर) ने बताया कि राजेंद्र सिंह बिष्ट निवासी शारदा सदन, गुमानीवाला, ऋषिकेश और पीतांबर पाल निवासी बैरागीवाला, जस्सोवाला ने खुद को सर्वोत्तम एग्रो कोआपरेटिव सोसायटी का डायरेक्टर बताकर कंपनी में नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपितों ने उसे अगस्त 2022 में कंपनी में काम पर रखा और जनता से किश्तों की रिकवरी करने पर कमीशन देने का झांसा दिया, लेकिन उन्होंने कोई कमीशन नहीं दिया। महिला ने बताया कि वह अब तक 75 लाख रुपये कंपनी में जमा करवा चुकी हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने रुपये वापस लौटाने की बात की तो आरोपितों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके नाम तहसील मीरगंज जिला बरेली, उप्र में साढ़े तीन बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। जब जगह दिखाने की बात कही तो उन्हें जमीन भी नहीं दिखाई गई। जब वह जमीन देखने के लिए खुद वहां गई तो पता चला कि जमीन नदी क्षेत्र में आती है, जिसकी कीमत एक लाख, 80 हजार रुपये प्रति बीघा है। जब महिला ने विरोध जताया तो आरोपितों ने धमकी दी कि कंपनी ने जो जमीन खरीदी थी, वह यही है, अब उनके पास न तो जमीन है और न ही रुपये हैं। कैंट कोतवाली के इंस्पेक्टर संपूर्णानंद गैरोला ने बताया कि महिला की तहरीर पर राजेंद्र सिंह बिष्ट और पीतांबर पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# असलहों से लैस रईसजादों का मॉल में हंगामा, पांच वाहन सीज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। असलहों से लैस रईस जादों ने मेट्रोपोलिस माल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और पांच वाहनों को सीज कर दिया। मंगलवार रात 10 बजे के बाद पुलिस को सूचना मिली कि मेट्रोपोलिस मॉल रुद्रपुर में अज्ञात लोग 5 लग्जरी कार से मॉल में आए हैं। इनमें से कुछ लोग हथियारबंद हैं। साथ ही हंगामा कर रहे है। पुलिस के मुताबिक, पता चला कि 15 लोग मॉल में वीआईपी होने की बात कहकर घुसे हैं। इनमें से 5 लोगों के पास लाइसेंसी रिवाल्वर और पिस्टल थी। मौके पर नीली बत्ती लगी वीआईपी कार भी मिली। सिडकुल चौकी पुलिस ने बताया कि शस्त्र धारकों के पुलिस ने लाइसेंस चेक किए तो तीन शस्त्रधारक ऑल इंडिया धारक तथा दो शस्त्रधारक उत्तर प्रदेश राज्य की अधिकारिता वाले हैं। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर इन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। पुलिस ने मामले में फरीदपुर बरेली निवासी अवधेश मिश्रा और बरेली के ही शराफत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं मौके पर मिले पांचों वाहनों को सीज कर दिया है।




# नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को बीस साल की सजा

देहरादून। नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट अश्वनी गौड़ की अदालत ने 20 वर्ष की कैद और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार के अनुसार, 13 जून 2019 को वसंत विहार थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 वर्षीय बेटी पर पड़ोस में रहने वाला नाजिम निवासी ग्राम गुणा सहसेर जिला किशनगंज, बिहार गलत निगाह रखता है। वह अक्सर आते-जाते बेटी का पीछा करता है। जब उन्होंने टोका तो वह कमरा छोड़कर चला गया। 13 जून की शाम को बेटी किसी काम से बाहर गई और कुछ देर बाद रोते हुए घर आई। जब रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि नाजिम रास्ते में मिला और छेड़छाड़, गाली गलौज करने लगा। जबरदस्ती हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचने लगा। बड़ी मुश्किल से वह जान बचाकर वहां से भागी। एक साल पहले मई 2018 के दौरान नाजिम ने अपने कमरे में बुलाकर दुष्कर्म किया था। तब डर के मारे वह किसी को कुछ नहीं बता पाई। नाजिम दोबारा उसके साथ कभी भी गलत काम कर सकता है। इस मामले में वसंत विहार थाना पुलिस ने आरोपित नाजिम के खिलाफ 14 जून 2019 को मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 15 जून 2019 को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अपने बयान में पीड़िता ने बताया कि मई 2018 के दौरान वह पड़ोस में अपने रिश्तेदार के घर गई हुई थी। वहां नाजिम किराये पर रहता था, जिसे वह जानती थी। नाजिम ने किसी काम के सिलसिले में अपने कमरे में बुलाया और कुंडी लगाकर दुष्कर्म किया। साथ ही धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद कमरा छोड़कर चला गया। फिर वह एक साल बाद वापस आया। वह उनके घर के आसपास घूमता रहता था। 13 जून 2019 को जब वह किसी काम से बाहर गई तो महिंद्रा चौक में हाथ पकड़ा और कमरे में ले जाने की कोशिश की। मंगलवार को अदालत ने आरोपित को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। साथ ही राज्य सरकार की ओर से पीड़िता के लिए तीन लाख रुपये प्रदान करने के आदेश जारी किए। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से नौ, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतो को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# वसन्तोत्सव की तैयारियों को लेकर दिये दिशा निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को राजभवन सचिवालय में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले वसन्तोत्सव -2023 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि वसन्तोत्सव में भारी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत आगन्तुकों के बैग प्रतिबन्धित रहेंगे। इस दौरान पॉलिथीन भी प्रतिबन्धित रहेगी। सचिव ने वसन्तोत्सव के दौरान लगने वाले स्टॉलों आदि की व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों हेतु समुचित व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिये। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान ट्रैफिक व पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। सचिव राज्यपाल ने पुष्प प्रदर्शनी के दौरान राजभवन परिसर में साफ-सफाई और पर्याप्त मात्रा में कूड़े-दान की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वसन्तोत्सव में आने वाले आगन्तुकों हेतु पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सहित मोबाईल टॉयलेट आदि की व्यवस्था समय से पूर्ण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। वसन्तोत्सव के दौरान आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संस्कृति विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। सचिव ने कहा कि यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इसके लिए हमें अधिक से अधिक मिलेट्स फसलों को प्रचारित करने पर विशेष फोकस करना होगा। गौरतलब है कि वसन्तोत्सव-2023 दिनांक 03 मार्च से 05 मार्च तक आयोजित हो रहा है। 03 मार्च को वसन्तोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल लफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा। 03 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 04 व 05 मार्च को प्रातः 09 बजे से सायं 6.00 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। 3 दिवसीय आयोजन में 16 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 62 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रकार कुल 186 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरान्त दिनांक 05 मार्च, 2023 को विजेताओं को प्रदान किये जाएंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में पहली बार 04 नई श्रेणियां यथा-रूफटॉप गार्डनिंग, बोन्साई, टेरारियम एवं शहद सम्मिलित की गयी हैं। साथ ही अधिक से अधिक पुष्प उत्पादकों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कट फ्लावर प्रतियोगिता के अन्तर्गत मात्र व्यक्तिगत एवं कृषकों की ही प्रतिभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस वर्ष तिमरू को विशेष डाक आवरण जारी किये जाने हेतु चयनित किया गया है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 30 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्व विद्यालय/ बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होंगे। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/ तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समय सीमा के अंतर्गत पूरे करें वाहन पार्किंग के निर्माण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना ने जनपद में निर्माणाधीन व प्रस्तावित वाहन पार्किंगों की समीक्षा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन पार्किंगों का निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है उन वाहन पार्किंगों में कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि तय समय सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आम जनता की जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पार्किगों में अधिक से अधिक सुविधाओं को



विकसित किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन प्रस्तावित पार्किगों में भवनों आदि का ध्वस्तीकरण किया जाना है उनकी निविदा निकालते हुए कार्य प्रारम्भ किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रस्तावित पार्किगों के डिजाईन, उनमें दी जाने वाली जन सुविधाओं आदि बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की जिन पार्किगों का आगणन शासन को भेजे जाने है उन्हें तत्काल भेजा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकरी सी0एस0 मर्तोलिया सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त निरीक्षक हरीश जोशी को दी भावभीनी विदाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सेवानिवृत्त निरीक्षक हरीश चन्द्र जोशी को एसएसपी रचिता गुंज्याल की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने ससम्मान भावभीनी



विदाईदी। एसएसपी ने हरीश चन्द्र जोशी के पुलिस विभाग में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र, उपहार और शाँल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह का मंच संचालन उपनिरीक्षक दामोदर कापड़ी ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक हरीश चन्द्र जोशी के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए दीर्घकालीन सेवा के दौरान किये गये सराहनीय कार्यो का बखान किया। हरीश चन्द्र जोशी ने पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया। एसएसपी रचिता जुयाल ने जोशी को सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्त जीवन परिवार के साथ शान्तिमय, स्वस्थ्य, समृद्धशाली एवं मंगलमय भविष्य की कामना कर भावभीनी विदाई दी और अपेक्षा की गयी कि भविष्य में भी हमेशा अपने को पुलिस परिवार का अभिन्न अंग मानकर अपना अनुभव व सहयोग पुलिस विभाग को प्रदान करते रहेंगे । विदाई समारोह के अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक अल्मोड़ा विमल प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक रानीखेत टी0आर0वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक संचार राजीव टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन जितेन्द्र पाठक, निरीक्षक एलआईयू कमल पाठक, वाचक एसएसपी अल्मोड़ा निरीक्षक अशोक कुमार धनकड़, निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया, निरीक्षक रेडियो उमाशंकर पाण्डे, जनपद के समस्त थाना चौकीशाखा प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी रचिता जुयाल ने संभाली कमान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिले की नई एसएसपी आईपीएस श्रीमती रचिता जुयाल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें एसएसपी रचिता जुयाल वर्ष 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। पूर्व में वह एएसपी अर्बन हरिद्वार,एसपी क्राईम ट्रैफिक सिटी जनपद नैनीताल,जनपद बागेश्वर एसपी और उसके पश्चात राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड के एडीसी पद पर नियुक्त रह चुकी हैं। नई एसएसपी ने पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में उन्होंने गार्द सलामी ग्रहण की। इसके उपरांत कार्यालय के समस्त कार्यालयों शाखाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान एसएसपी ने कार्यालय शाखाओं में नियुक्त कर्मचारी गणों से उनके कार्यो की जानकारी प्राप्त कर कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों के साथ सौम्यपूर्ण व्यवहार कर उनकी हरसंभव सहायता करने और कार्यालय परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। कार्यालयों का



अपग्रेडेशन कर स्मार्ट आँफिस बनाने हेतु सीओ कार्यालय व प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसएसपी ने जिले जनपद के समस्त सीओ,थानाचौकी एवं शाखा प्रभारियों के साथ मीटिंग आयोजित कर थानों में दर्ज अपराध व लम्बित अपराधों की समीक्षा की गयी नवनियुक्त एसएसपी अल्मोड़ाद्वारा 'कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण/ अनावरण ट्रैफिक व्यवस्था, साईबर अपराध, महिला सुरक्षा व ड्रग्स कन्ट्रोल को अपनी प्राथमिकता' बताते हुए गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये । उन्होंने कहा कि जनता की पुलिस तक पहुंच को सरल व सुगम' बनाये जाने हेतु 'प्रत्येक थानाचौकी में हेल्प डेस्क की शुरुआत की जायेगीजिसमें हरसमय थाना/चौकी का एक कर्मचारी जनता की शिकायत सुनने के लिए मौजूद रहेगा। साथ ही सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रुप से अपने कार्यालयों में बैठेंगे जिससे जनता आसानी से उनसे मिलकर अपनी समस्या को बता सके।

# कार में 17 पेटी अवैध अग्रेजी शराब के साथ चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती रचिता जुयाल के निर्देश पर धौलछीना पुलिस ने थाना क्षेत्र बाड़ेछीना तिराहे पर चैकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके01डी0442 आल्टो कार को रोककर चैक किया तो चालक दीपक सिंह नेगी पुत्र किशन सिंह नेगी निवासी खिरोली थाना लमगड़ा के कब्जे से 17 पेटी अवैध अग्रेजी शराब बरामद हुयी जिस पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कार को सीज कर थाना धौलछीना में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले में थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि अभियुक्त बाड़ेछीना



की ओर से अवैध शराब कार में भरकर धौलछीना के आस-पास के गाँवों में ऊँचे दामों में बेचकर अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से ले जा रहा था।पकड़ी गयी शराब की कीमत 1एक लाख पन्द्रह हजार आंकी गयी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार एएसआई गोकुल प्रसाद,हेड कांस्टेबल प्रकाशधीरेन्द्र बड़ाल, कांस्टेबल दिनेश पपोला आदि शामिल थे।

# सूचना विभाग के सहायक लेखाकार को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सरकारी सेवा के दौरान अपनी कार्य दक्षता व व्यवहार से ही सफलता मिलती है। यह बात श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने सूचना विभाग में सहायक लेखाकार मदन मोहन लाल आर्य के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह में कही। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पाण्डे ने कहा कि श्री आर्या ने जिस दक्षता से साथ अपने कार्यो का निर्वहन किया वह हम सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की विदाई अवसर पर उन्हें अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी



सुन्दर द्वारा स्मृति चिन्ह् भेंट किया। इस विदाई समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पंत, दयाकृष्ण काण्डपाल, अशोक पाण्डे, एमडी खान नसीम अहमद हरीश भण्डारी, निर्मल उप्रेती, कंचना तिवारी व सूचना विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# मेरे सिर पर रख दो बाबा, अपने ये दोनों हाथ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार नरेंद्र रस्तोगी, कुंती एनक्लेव, पीलीकोठी, बड़ी मुखानी, हल्द्वानी में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकरअपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत कियागया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारेभजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज सेआशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली ने रखवाला प्रतिपाला मेरे





लाल लँगोटें वाला, अजय जायसवाल ने मेरेसिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ,बिट्टू अरोरा ने तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जयराम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, विनोद रस्तोगी ने तेरे लिये हर एक सेनाता मैं तोड़ दूं, उमेश गोयल ने श्री राम दर्श करादो, कालू मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, विराट रस्तोगी ने अंजनीका लाला रे भक्तों का रखवाला रे सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, पवन खेड़ा ने मेरी कुतिया के भाग आज खुल जाएँगे बाबाआयेंगे, आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजीमहाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, प्रशांत सिंह, विवेक सिंह, बिशम्बर दयाल, प्रदीप कालरा, जितेंद्र ग्रोवर, मयंक अरोरा, सन्नी सक्सेना, सोनू शर्मा, शिवाकर तिवारी, अजीत कुमार, प्रशांत गिरी, राघव ग्रोवर, श्याम सुंदर रस्तोगी, दिनेश नारंग, प्रभुदयाल, नरेंद्र रस्तोगी, विकास रस्तोगी, आयुष रस्तोगी, हर्षित ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, विशाल मदान, सुनील कुमार, वैभव गगनेजा, प्रदीप कुमार, डी के करगेती, विकास शर्मा, निखिल अरोरा, संजीव शर्मा, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवीअरोरा, बिट्टू अरोरा, विनोद रस्तोगी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# डेंटल क्लीनिक से चोरी करने वाला मुरादाबाद से गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ में दिनदहाड़े क्लीनिक से नगदी व दस्तावेज चोरी करने वाले व्यक्ति को मुखानी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को डा. शिवानी डिमरी निवासिनी पार्क लेन अमलत्स विला लामाचौड़ द्वारा थाना मुखानी में तहरीर दी गई कि फतेहपुर रोड लामाचौड़ मुखानी स्थित उनकी क्लिनिक ओम शिला डेंटल क्लिनिक में अज्ञात चोरों द्वारा उनकी क्लीनिक का मुख्य दरवाजे का लॉक तोड़कर क्लीनिक के अंदर से नगदी वह अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए गए।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रपट दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली के सुपुर्द की गई। रमेश बोहरा, थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना से संबंधित घटनास्थल के आसपास के लोगों से सघन पूछताछ की गई तथा घटनास्थल से लेकर सभी संभावित



स्थानों के सीसीटीवी कैमरे का गहनता के साथ अवलोकन किया गया। सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त घटनास्थल पर मोटरसाइकिल से आया और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर के माध्यम से पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि डेंटल क्लीनिक मैं चोरी की घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति दानिश जॉनी पुत्र सरदार हुसैन थाना सिविल लाइन मुरादाबाद का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी हेतु उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुरादाबाद क्षेत्र अंतर्गत दबिश देकर अभियुक्त को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली मुखानी,आरक्षी महबूब अली, चंदन नेगी व अहसान अली शामिल रहे।

# दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरणों का वितरण किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम के एमिल्को संस्था कानपुर ने पूर्व में चिन्हित 23 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायता उपकरणों का वितरण किया। ब्लॉक संसाधन केंद्र गदरपुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि रहे पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ने समेकित शिक्षा की जिला समन्वयक सुमन नेगी और खंड शिक्षा अधिकारी भास्करनंद पांडेय की मौजूदगी में एक दिव्यांग को व्हीलचेयर, 3 को सीपी चेयर, 3 को ट्राई साइकिल, एक को हेयरिंग किट, 5 को कैलीपर्स, 6 को एमआर किट, 2 को बैसाखी एवं दो को स्मार्ट कैन का वितरण किया गया। कृतिम उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। अपने संबोधन में गुलाम गौस ने कहा कि दिव्यांग होना कोई अभिशाप नहीं है। उन्होंने कहा कई संस्थाएं दिव्यांगों के



पुनर्वास के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में एलिम्को संस्था से डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर श्रीकांत पांडे, डॉक्टर पप्पू गुप्ता, टेक्निशियन धर्मवीर सिंह, प्रभारी ब्लॉक समन्वयक मोहनलाल राजभर, अमरजीत बजाज, विजय शंकर, कुंदन लाल कौशिक, राकेश चौहान, अंकुर अरोरा, अनिल त्रिपाठी सहित भारी संख्या में दिव्यांग और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने किया लोहिया हेड पावर हाउस का निरीक्षण

खटीमा(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार की सायं खटीमा स्थित लोहिया हेड पावर हाउस का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पावर हाउस का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन आदि की स्थिति का जायजा लिया तथा कार्यरत कार्मिकों से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा



कि जल विद्युत ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जोकि दुर्लभ ईंधन संसाधनों की बचत करता है और प्रदूषण रहित होने के कारण पर्यावरण अनुकूल। मुख्यमंत्री ने पावर हाउस को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों एवं अभियन्ताओं को दिये। निरीक्षण के दौरान पावर हाउस के अभियंताओं ने विद्युत उत्पादन, प्रचालन तथा अनुरक्षण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# विज्ञान दिवस पर बच्चों ने किया नाटय मंचन

गरुड़(उद संवाददाता)। दूरस्थ राजकीय जूनियर हाईस्कूल रौल्याना में विज्ञान दिवस पर विविध गतिविधियां आयोजित की गई। बच्चों ने इस अवसर पर विज्ञान के मॉडल बनाए और भोजन का सफर नाटक का मंचन किया। आशुतोष उपाध्याय



द्वारा लिखित इस नाटक में बच्चों ने पोषक, अपोषक,भोजन नली,लिवर, छोटी आंत,बड़ी आंत, आमाशय,पित्ताशय,रक्त वाहिनी आदि की भूमिका निभाकर भोजन का सफर की बेहतरीन प्रस्तुति दी। पोषक की भूमिका काजल, अपोषक की विद्या, भोजन नली अमित, लिवर की आरती, आमाशय की दिव्या और पित्ताशय की भूमिका रेनू ने निभाई। नाटक का निर्देशन प्रधानाध्यापक नीरज पंत ने किया।

# भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी : कासमी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी के उत्तराखंड प्रवास के तहत अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी के द्वारा कार्यकर्ता एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंच



रहा है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी ने सभी को जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूक होने की बात कही। प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा ने उत्तराखंड में सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जियाउद्दीन कुरेशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समर्पण की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन, नगर उपाध्यक्ष लाल मोहम्मद अंसारी, सुजात खान, मोहम्मद नाजिम, मुर्तुजा हुसैन, तस्लीम कुरैशी, हारून सलमानी, रवि गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला प्रमुखों को भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंतार्लय के अधान कार्यरत एक स्वायत्तशासी निकाय है जो उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत आईएसआई मार्क हालमार्किंग योजना के अंतर्गत हालमार्क एवं इसी प्रकार के अन्य प्रमाणन योजनाओं को संचालित करने वाला राष्ट्रीय मानक निकाय है। भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा जिलाधिकारी सभागार रूद्रपुर में जिला स्तर पर विभागों के जिला प्रमुखों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम का



आयोजन किया गया है। जिसमें ऊधम सिंह नगर जिले के 40 से अधिक जिला स्तरीय कार्यालयों के प्रमुखों ने भाग लिया। ब्यूरों के वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख सुधीर बिश्नोई ने भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में एवं हालमार्क तथा आईएसआई मार्क के बारे में बताया। साथ ही उन्होने भारतीय मानकों के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर तथा सभी विभागों से निविदाओं में भारतीय मानकों का उल्लेख करने तथा आईएसआई मार्क प्रमाणित वस्तुओं की खरीदारी करने का अनुरोध किया। ब्यूरो के उपनिदेशक श्रीमती नीलम सिंह ने बीआईएस के आनलाइन प्लेटफार्म एवं आईएसआई केयर ऐप के बारे में बताया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह धामी मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। भाजपा मंडल अध्यक्ष महिंद्र कॉलड़ा आवास पर पहुंचे भाजपा के उधम सिंह नगर के जिला प्रभारी सुरेश भट्ट व जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं वह नारेबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सूक्ष्म जलपान किया कार्यकर्ताओं से कुशल क्षेम पूछी तथा आगामी 1 मार्च को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कि हल्द्वानी



में आयोजित आभार रैली के संदर्भ में भी वार्ता की जिसमें जिला प्रभारी द्वारा समस्त मोर्चों के पदाधिकारी वह विशेष तौर पर युवा मोर्चा को अपने दल बदल के साथ युवाओं को संगठित कर युवा मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के सशक्त नकल विरोधीकानून बनाने के संदर्भ में आभार व्यक्त कर रैली को सफल बनाने का आहवान किया इस मौके पर अजय शर्मा मंडल महामंत्री चरणदास खुराना डॉक्टर जुल्फिकार अजय कालरा जितेंद्र चांदना वह महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नेहा शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# रामनगर में जी-20 सम्मिट की तैयारियां तेज

## मुख्य सचिव एसएस संधू ने पंतनगर से रामनगर तक किया स्थलीय निरीक्षण,विदेशी डेलीगेट्स को दिखाई जायेगी राज्य की संस्कृति की झलक

रुद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव एस एस सन्धू ने मंगलवार को पन्तनगर एयरपोर्ट पहुँचकर 28 से 30 मार्च तक रामनगर में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु पन्तनगर एयरपोर्ट पहुॅचकर बैठक व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री सन्धू ने पंतनगर एयरपोर्ट के कक्ष में जिला उधमसिंहनगर व नैनीताल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए जी 20 सम्मिट से संबंधित सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए यह गौरव का पल है कि राज्य में जी 20 समिट की तीन बैठकों का आयोजन होना है। रामनगर में होने वाली राउंड टेबल सम्मेलन में विदेशों से टॉप वैज्ञानिक शामिल होंगे तथा चीफ साइंस टेबल राउंड कॉन्फ्रेंस होंगी। बैठक में मुख्य सचिव ने निदेशक एयरपोर्ट को एयरपोर्ट का सर्वे करते हुए कार्ययोजना तैयार कर एयरपोर्ट का सौंदर्यीकरण, भव्य व आर्कषक बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता अनुसार एयरपोर्ट में मरम्मत, रंग रोगन व प्रसाधन की बेहतर व्यव्यस्था करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से हेंगर, लॉन्ज व अन्य स्थलों पर सीसीटीवी स्थापित करने को भी कहा। मुख्य सचिव ने मण्डलायुक्त को सम्मेलन में आने वाले आंगनतुकों हेतु लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट सहित, डेलीगेट्स की एयरपोर्ट से रामनगर तक की यात्रा के दौरान एम्बुलेंस व रामनगर में डॉक्टर्स व विशेषज्ञों की टीम भी तैनात रखने के निर्देश दिए। साथ ही आसपास के चिकित्सालयों को भी हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये। इसके अलावा पुलिस प्रशासन को सटीक मूवमेंट , ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने जी 20 समिट के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश सम्बन्धित जिलाधिकारी को दिए। कहा कि प्रत्येक20 किलोमीटर की दूरी पर होर्डिंग, बैनर व अन्य आउटडोर एक्टिविटी के माध्यम से समिट का व्यापक प्रचार किया जाए। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने रामनगर पहुँचकर सीआरवीआर, ताज, नमहा होटल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि विदेशी डेलीगेट्स के आवासीय व भोजन इत्यादि की समुचित व्यव्यस्था की जाएगी। इस अवसर पर अपर प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव आर के सुधंशु, डॉ बीवी आरसी पुरुषोत्तम, डॉ पंकज पांडेय, मण्डलायुक्त दीपक रावत, आई जी नीलेश आनंद भरणे, विनोद कुमार सुमन, पीसीसीएफ समीर सिंहा, सीसीएफ पी के पात्रो, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, युगल किशोर पन्त, एस एस पी पंकज भट्ट, मंजूनाथ टीसी, यूकाडा के अपर सचिव अनिल गर्ब्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने निदेशक संस्कृति विभाग को राज्य की संस्कृति की झलक से विदेशी डेलीगेट्स को रूबरू कराने के निर्देश दिए। कहा रामनगर में आयोजित होने वाली जी 20 समिट के माध्यम से हम अपने उत्तराखंड राज्य की वादियों के साथ ही संस्कृति (नृत्य,गान, परिवेश) से डेलीगेट्स को रूबरू कराएंगे। इससे राज्य को अपनी एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इसके लिए निदेशक संस्कृति विभाग को कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री सन्धु ने पन्तनगर एयरपोर्ट से रूद्रपुर-दोराहा-बाजपुर गडप्पू-रामनगर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एनएच के अभियंताओं को सड़कों की व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही सड़कों पर साइनेज, आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक उपाय, सड़कों पर सही मार्किंग करने, डिवाइडर्स पेंट कराने, दूरी सूचक पत्थरों माइलस्टोनको सही कराने,आवश्यकता अनुसार मरमम्त व निर्माण कार्य कराने एवं रोड को चकाचक बनाने के निर्देश दिये।





## तहसील दिवस में डीएम रूबरू हुई जन समस्याओं से

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का कार्यक्रम विकासखंड डीडीहाट सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिकायतकर्ताओं द्वारा डीएम के समक्ष कई समस्याएं रखी गई। जिनमें ग्रामसभा तल्ली मिर्थी में सिंचाई नहर के बनाये जाने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सभा चुपड़ाखेत डीडीहाट को कार्यदाई संस्था पेय जल निर्माण निगम डीडीहाट फेज-2 से वंचित किये जाने, बोरा गांव कुणिया मोटर मार्ग बनाने व प्रधान मंत्री अटल आवास, राज्य आंदोलनकारी को पेंशन दिये जाने, विद्युत संयोजन/पोल लगाए जाने, मुख्यमंत्री राहत कोष, कोविड-19 के दौरान कोविड के कारण सस्ता गल्ला विक्रेता की मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को राहत सम्मान निधि मुहैया कराने, दिव्यांग भरण पोषण हेतु पेंशन, डीडीहाट सिराकोट डामरीकरण, देवीसूना से गराली और सानदेव ननपापो मोटर मार्ग बनाये जाने आदि विभिन्न विभागों से संबंधित 22 शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष रखे गए। जिनमें से कुछ का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और शेष प्रार्थना पत्रों में दर्ज शिकायतों को शीघ्र समाधान किये जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान दीपा नेगी द्वारा बताया गया कि गत वर्ष उनके पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी अपने और बच्चे के पालन पोषण के लिए उसके द्वारा रोजगार की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उनको आश्वस्त किया गया कि आप जिस कार्य को करने में सक्षम हो वह कार्य शुरू करें। हर संभव सहायता की जाएगी और कार्य शुरू करने के लिए लोन भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन जनता की सेवा और जन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए सदैव तत्पर है। इस पर ब्लाक प्रमुख डीडीहाट बबीता चुफाल, सीडीओ वरुण चौधरी, परियोजना निदेशक आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी, एसडीएम भगत सिंह फोनिया, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर योगेश भारद्वाज आदि अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## पीआरडी जवान की मौत के मामले का शीघ्र खुलासे करने की मांग

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट निवासी पीआरडी जवान खुशाल राम के मौत से पर्दा उठाने की मांग तेज हो गई है। कपकोट के लोगों ने एसडीएम कार्यालय में कानूनगो को ज्ञापन सौंपकर जल्द खुलासे की मांग की साथ ही जुर्म में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही पीआरडी जवान की मौत



के मामले में अब तक हत्यारो का पता नही लगाए जाने पर नाराजगी जताई, सभासद तनुज तिरूवा के नेतृत्व में ग्रामीण उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे, उन्होंने पीआरडी जवान खुशाल राम की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कीमांग की, मांग करने वालामें राजन देव,वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवक गणेश उपाध्याय, कुंदन, प्रकाश, मनोहर, नवीन आदि शामिल थे।

## पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों को किया जागरूक

काफलिगैर(उद संवाददाता)। झिरौली क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्राम-नायलमाफी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीण जनता को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी देकर नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा, साईबर अपराध के प्रति किया जागरूक साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति व पुलिस हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी। राजस्व ग्राम-नायलमाफी में ग्रामीणों, महिलाओं को महिला सम्बंधी अपराधों,बाल विवाह, बाल अपराध , महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षा वृत्ति,मानव तस्करी, नशे के दुष्परिणामों, यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उत्तराखण्ड पुलिस एप्प,गौरा शक्ति की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी,इस दौरान महिलाओं को जागरूक कर गौरा शक्ति में अपनी माताओं-बहनों का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया गया। गौरा शक्ति एप के बारे में जानकारी हेतु हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उक्त एप के माध्यम से घर बैठे शिकायत दर्ज करा सकते हैं,नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थों से शारीरिक व मानसिक रुप से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने के लिये जागरुक किया गया। वही उपजिलाधिकारी हरगिरि ने लोगों को प्रशासनिक स्तर पर आम जनता को अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था देना अपनी प्राथमिकता बताई,वही लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया,पूर्ति विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक पीएस नेगी ने सभी लोगों को खाद्य सुरक्षा की जानकारी दी, वही लोगों को राशन कार्ड ऑनलाइन आधार पर होने से मनमानी होने पर रोक लगने की बात कही, सभी लोगों से आगामी होली पर्व को शांतिपूर्वक बनाने व पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। वनाग्नि की घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया। साइबर अपराधों से बचने के लिए टोल फ्री साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930व उत्तराखंड पुलिस के सभी हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090,1098आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत,बाल विकास विभाग,राजस्व उपनिरीक्षक सन्तोष राठौर,अशोक बिष्ट, मथुरा दत्त मिश्रा,गोपाल मिश्रा, नवीन मिश्रा,शम्भू दत्त मिश्रा,गीता मिश्रा,आदि मौजूद थे।



## बिमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है योग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कलक्ट्रेट परिसर में मंगलवार की सुबह एक घंटे योग सत्र का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी अधिकारियों को शरीर को निरोग रखने,शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करने की अपील की है, योग गुरु केवलानंद जोशी ने योग कीविभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी परिवार संग सभी



कर्मचारियों के साथ योग शिविर में भाग लिया। डीएम ने स्वयं कई प्रकार के योगासन से सभी कर्मचारियों को चौकाया,उन्होंने सभी लोगों से भी नियमित योग करने और अपनी काया को निरोगी बनाने को कहा। योगासन को जीवन का मूल मंत्र बनाने की बात कही, इस मौके पर रागिनी, सचिन, बसंती, अजय कुमार, नितेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त मार्ग के लिए धन की स्वीकृति पर मिष्ठान वितरित किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एस आई एम टी से लेकर ग्राम झगड़ पुरी तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त मार्ग के लिए धन की स्वीकृति एवं टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के लिए माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का मिष्ठान वितरण कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अभिषेक अनिल मंडल उपाध्यक्ष चिंतन अरोरा, संजय चौधरी गुलशन, निश्चल गोयल, हरलोक सिंह,अशोक छाबड़ा, ज्योति राज, रेनू विष्ट ,मनजीत सिंह भूपेंद्र विष्ट,सतीश छावड़ा हरीश रल्हन, हैप्पी चंद्रा, निपुण गगनेजा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कोरोना से सावधानी बरतने की हिदायत और खौफ

सावधानी जब डर में तब्दील हो जाए और समय पर उसे दूर करने के उपाय न किए जाएं, तो इसका शिकार व्यक्ति मानसिक रोगी तक हो सकता है। करीब तीन साल पहले जब देश में कोरोना विषाणु के संक्रमण का खतरा पैदा हुआ था, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन और देश की सरकार ने इससे बचाव के लिए कुछ सावधानी बरतने की हिदायत दी थी। इसके तहत मास्क पहनना और लोगों को आपसी दूरी बरतने की सलाह मुख्य थी। इसमें मुख्य संदेश यह था कि चूंकि कोरोना का संक्रमण किसी के संपर्क में आने से हो सकता है, इसलिए इसका कोई इलाज आने तक खुद को बचाना ही एकमात्र उपाय है। मगर जनजागरूकता के मकसद से जारी किए गए इस संदेश के प्रचार का तरीका शायद इतना आक्रामक था कि उसने कई स्तरों पर लोगों के भीतर डर भी पैदा किया। सच यह है कि कुछ लोगों के मन में वह डर इस कदर उतर गया कि उससे उबरना उनके लिए मुश्किल हो गया। हाल में दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक ऐसा ही मामला सामने आया, जिसने ऐसे लोगों को भी हैरान किया, जिन्होंने कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए हर स्तर पर सावधानी बरती थी, मगर खुद को ऐसे डर का शिकार होने से बचाए रखा। खबर के मुताबिक, पति और अपने सात साल के बच्चे के साथ रहने वाली एक महिला के मन में विषाणु के संक्रमण का खौफ इतना गहरे बैठ गया कि वह पिछले तीन साल तक अपने घर में बंद रही। उसके लिए खाने-पीने या अन्य जरूरत का सामान उसका पति या अन्य कोई दरवाजे पर रख देता था। बच्चे की पढ़ाई के लिए उसने आनलाइन तरीका चुना था। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पूर्णबंदी के पहले चरण में ढील मिलने के बाद उसका पति जब नौकरी के लिए बाहर निकला, तो महिला ने उसे भी घर में प्रवेश नहीं करने दिया। पति को किराए का घर लेकर बाहर रहना पड़ा। जाहिर है, इसे बीमारी के बचाव के लिए बरती गई सावधानी के खौफ और फिर मनोरोग में तब्दील हो जाने के तौर पर देखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में होना यह चाहिए था कि महिला के पति, उसके अन्य रिश्तेदार या पड़ोसियों में से कोई भी पुलिस की मदद लेकर उसे बाहर निकालने की कोशिश करता। हालांकि आखिर महिला के पति ने पुलिस की मदद से ही तीन साल बाद अपने बच्चे और पत्नी को निकाला, लेकिन यह पहल पहले भी की जा सकती थी। यह एक स्वाभाविक स्थिति होती है कि डर या मानसिक आघात की स्थिति में कोई व्यक्ति अकेला पड़ता है तो वह उसकी जटिलताओं में और ज्यादा फंसता चला जाता है। कोरोना संक्रमण के डर की वजह से महिला इसी स्थिति का शिकार होकर मानसिक रूप से बीमार हो गई। दरअसल, कोरोना के खौफ की वजह से भी कई स्तर पर त्रासद नतीजे सामने आए। ऐसी खबरें भी आईं कि किसी अन्य राज्य से अपने घर जाने वालों के लिए सरकारों ने खुद एकांतवास की व्यवस्था की थी, कई गांवों में बाहर से आने वालों को रोका गया। लेकिन गुरुग्राम में सामने आया मामला इसी डर की अति का उदाहरण है। इससे यह भी साबित होता है कि समाज और सरकार को भी वैसे तौर-तरीकों पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें सावधानी का कोई संदेश डर के मनोविज्ञान का हथियार बन जाता है।

# टीएमयू और अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच एमओयू साइन

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद और अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच यूनिवर्सिटी के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में प्रौद्योगिकी शिक्षा में ऊँची उड़ान के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू साइन हुआ है। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन मैटेरियल्स का भव्य उद्घाटन भी किया गया। टीएमयू का यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यूपी में पहला जबकि देश में छठवाँ है। टीएमयू के आला अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि यह करार प्रौद्योगिकी शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से जोनल हेड टेक्निकल इंजीनियर राहुल गोयल, रीजनल हेड सेल्स एंड मार्केटिंग श्री जेआर मोहंती, टेरिटोरी सेल्स हेड श्रीडीसी गर्ग, रीजनल हेड टेक्निकल इंजीनियर विपिन चौधरी और टीएमयू की ओर से वाइस चांसलर प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडेमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एफओइ एंड सीसीएस आईटी के निदेशक एवं प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष अरुण कुमार पिपरसेनिआ एवं कंवीनर प्रो. रवि जैन के अलावा इंजीनियर्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव श्री सुनील शर्मा अपने अन्य सदस्यों के साथ मौजूद रहे। इस एमओयू का तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के एक उत्कृष्ट उद्योग में अग्रणी संगठन अल्ट्राटेक सीमेंट के



साथ एक लंबी और उत्पादक साझेदारी की उम्मीद जताई। संचालन मिस इंदु त्रिपाठी ने किया। टीएमयू की डीन एकेडेमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय परिसर में सुविधाओं के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्र और संकाय सदस्य उत्कृष्टता केंद्र से कैसे लाभान्वित हो सकते हैं और यह कैसे सतत विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। उन्होंने टिकाऊ निर्माण सामग्री के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर जोर दिया और यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में कैसे मदद कर सकता है। अल्ट्राटेक सीमेंट के वाइस प्रेसिडेंट (रीजनल हेड सेल्स एंड मार्केटिंग) जेआर मोहंती ने इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच सहयोग की जरूरत पर जोर दिया। एफओई एंड सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा, अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ हुए इस करार का उद्देश्य स्थायी निर्माण सामग्री में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और उद्योग को एक साथ लाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के वाइस प्रेसिडेंट (जोनल हेड टेक्निकल) श्री राहुल गोयल ने कहा, अल्ट्राटेक सीमेंट टिकाऊ निर्माण सामग्री के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है। निर्माण उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने में यह उत्कृष्टता केंद्र मददगार साबित होगा। एमओयू के मौके पर अल्ट्राटेक सीमेंट के रीजनल हेड टेक्निकल इंजीनियर श्री विपिन चौधरी, एफओई के वाइस प्रिंसिपल डॉ. पंकज गोस्वामी आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कंवीनर प्रो. रवि जैन ने सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सिविल डिपार्टमेंट के डॉ. आशीष सिमाल्टी, सिद्धार्थ माथुर, अमित कुमार, श्रीमती निकिता जैन, मिस निशा सहल, अंकित वार्ष्णेय आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सीसीएसआईटी के वाइस प्रिंसिपल प्रो. अशेंद्र कुमार सक्सेना, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. जरीन फारूक, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाबार्ड के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। ग्रामीण आधारभूत अवसंरचना विकास निधि (नाबार्ड) की बैठक आज जिलाधिकारी वन्दना की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लो0नि0वि0, सिंचाई, पेयजल निगम, शिक्षा आदि विभागों में नाबार्ड के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लो0नि0वि0 व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके द्वारा जो योजनायें काफी समय से लम्बित है उन्हें पूर्ण करते हुए सूचना नाबार्ड को प्रेषित की जायजिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जो योजनायें पूर्ण हो चुकी है उनकी पी0सी0आर0 रिर्पोट नाबार्ड को आवश्यक रूप से भेजी जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि नाबार्ड के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण समय-समय पर किया जाय साथ ही निरीक्षण डायरी को अद्यतन रखा जाय। उन्होंने कहा कि जो विभाग कोई नवाचार गतिविधिया कर सकते है तो उसका प्रस्ताव बनाकर नाबार्ड को प्रेषित करें। बैठक में जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड गिरीश चन्द्र पंत, द्वारा जनपद में नाबार्ड अन्तर्गत संचालित योजनाओं व उनकी कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

# विभिन्न विकास कार्यो के लिये 3 करोड़ 25 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के तहत विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु लगभग 03 करोड़ 25 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तरकाशी के ग्राम पंचायत कालसा में सोमेश्वर महादेव मंदिर के सौन्दर्यीकरण, पुरोला क्षेत्रान्तर्गत वॉर्ड नं. 01, 02 व 03 के आंतरिक मार्गों के निर्माण, धारचूला के लिंगूरानी से रालम ट्रैक रूट एवं रालम से रालम ग्लेशियर ट्रैक रूट के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। इसी तरह, धारचूला के ग्राम वैगा में निकास नाली निर्माण, अल्मोड़ा के सल्ट में गुजरूकोट हरूहीत मन्दिर के सौन्दर्यीकरण, देहरादून में सालावाला (हाथी बड़कला) के खाले में सर्वे झील से सालावाला पुल तक बैंड के निर्माण एवं चमोली के बद्रीनाथ में ग्राम मलारी स्थित मां हीरामणि मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

# धूमधाम से मनाया होली मिलन कार्यक्रम

बागेश्वर (उद संवाददाता)। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल कठायतबाड़ा बागेश्वर में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ.आशा तिवारी, उप प्रधानाचार्य अपर्णा कांडपाल और नदीगांव से बालाजी टीम और बागेश्वर के बाजार से बाबा बागनाथ टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक की भूमिका में कन्या इंटर कॉलेज बागेश्वर की अध्यापिका सविता जोशी ,विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर रखने के लिए उसके वास्तविक स्वरूप को हमें जीवित रखना होगा, और यह हम सबकी जिम्मेदारी है सांस्कृतिक महत्व और सामाजिक महत्व को देखते हुए होली का मूल स्वरूप हम को बनाए रखना होगा। उन्होंने विजेता टीमों को



अभिभावको ने होली का लुत्फ उठाया,होली मिलन में सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। होली को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अभिभावकों और अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर होली गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कठायतबाड़ा से मां भगवती टीम, आशा तिवारी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती अपर्णा कांडपाल और रही। जिसमें प्रथम स्थान पर बाजार से बाबा बागनाथ टीमप्रथम, द्वितीय स्थान पर कठायतबाड़ा से मां भगवती टीम और तृतीय स्थान पर नदीगांव से बालाजी टीम रही। इस अवसर पर विद्यालय की प्रध ानाचार्य आशा तिवारी ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बनाए पुरस्कृत कर सम्मानित किया तथा सुरक्षित होली खेलने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका रश्मि ऋतंभरा और रेनू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रकाश धपोला मोहन कुमार लक्ष्मण नयाल ममता रावत भरत शाही जीवन राम आनंद पाठक आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रशिक्षण सप्ताह का हुआ समापन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। विज्ञान सप्ताह की अंतिम कड़ी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में विज्ञान दिवस घूमधाम से बनाया गया। इस वर्ष विज्ञान विषय की थीम वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान है। कार्यक्रम का शुभारंभ वैज्ञानिक एसपी सती व विज्ञान प्रसारक आशुतोष उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीत ज्ञान विज्ञान जिंदाबाद गाकर किया गया। डायट सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सती ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो किसी भी तथ्य को तर्क की कसौटी पर कसता है, वही सच्चा वैज्ञानिक है। वर्तमान समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता समय की मांग है। अवैज्ञानिक बात के बिषय में कोई तर्क नहीं दिया जा सकता। प्रकृति के रहस्यों से निरंतर संवाद ही सच्चा विज्ञान है। तकनीकी विकास के साथ उसी अनुपात में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित न होना चिंतनीय है। डायट के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र धपोला ने कहा कि डायट विज्ञान को अनुभव आधारित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा विज्ञान की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। डीलएड प्रशिक्षु विजय कांडपाल ने विज्ञान की सतत यात्रा पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। जिसमें विभिन्न ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों के समाज को दिए गये योगदान को प्रदर्शित किया। पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण में प्रमाणिकता के आधार पर सत्यता की परख की जाती है, वही डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा आर्कमिडीज के सिद्धांत पर आधारित






प्रशिक्षुओं द्वारा बहुत ही बेहतरीन तरीके से नाटक नीला समन्दर तथा यूरेका-यूरेका का मंचन किया। डायट प्रवक्ता संयोजक डॉ. प्रेम सिंह मावड़ी ने कहा कि विज्ञान आधुनिक युग का प्रमाणिक सत्य है, ड़ा रमन के बताए गए सिद्धांतो के आधार नाटक का नाट्य रूपांतर किया गया, इस दौरान डॉ. केएस रावत, संदीप कुमार जोशी, रवि कुमार जोशी, डॉ.सीएम. जोशी, डॉ.भुवन पांडे, विनीता असवाल, ममता पांडे, श्वेता जोशी, संगम साह, डॉ. प्रीतम नेगी, पुष्कर सिंह, गणेश पाठक आदि मौजूद रहे।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव

सितारगंज(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगा ली। मृतक अपने पीछे पत्नी और छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला मानकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। वार्ड नंबर 2 निवासी 30 वर्षीय इंद्रजीत पुत्र कोमल प्रसाद ने कमरे के कुंडे में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक जनार्दन भट्ट ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उप निरीक्षक भट्ट ने बताया कि इंद्रजीत ने मंगलवार की सुबह पत्नी को बैंक काम के सिलसिले में भेज दिया जिसके बाद घर में मौजूद छोटे बच्चों को भी इंद्रजीत ने सामान के बहाने घर से बाहर भेज दिया। कुछ ही देर में इंद्रजीत का शव लटका मिला। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# होली में हुड़दंग फैलाने वालों पर पुलिस रखेगी पैनी नजर

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर में होली पर हुड़दंग करने वालों पर अब तीसरे आंख की नजर रहेगी। बागनाथ मंदिर में 11 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसका कंट्रोल रूम भी मंदिर परिसर में बनाया गया है।साथ ही नगर में प्रतिष्ठानों और आवासीय इकाइयों में लगे कैमरों से चप्पे चप्पे की निगरानी की जाएगी, इस पर पुलिस की भी नजर बनी रहेगी। इसके अलावा अब कई लोगों ने भी सीसीटीवी लगा लिए हैं। इन्हीं की मदद पुलिस कई बार अपराधी तक पहुंच गए हैं। जिले में सीसीटीवी की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे पुलिस को भी काफी मदद मिल रही है। गत दिनों पिंगलो में हुए डबल मर्डर का खुलासा पुलिस ने इसी की मदद से किया। अब होली पर हुड़दंग करने वालों पर तीसरे कैमरे की नजर रहेगी। बागनाथ, बाणेश्वर, कालभैरव समेत मंदिर परिसर में 11 सीसीटीवी लग गए हैं। इसका कंट्रोल रूम भी मंदिर परिसर में बनाया गया है। होली की चतुर्दशी को कत्यूरघाटी के 30 गांव की होली आती है। इस दिन पुलिस का भी पहरा बढ़ जाता है। कई बार कुछ होल्यार शराब के नशे में अभद्रता पर उतर आते हैं। ऐसे लोगों पर अब कैमरे की नजर रहेगी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नंदन रावल ने बताया कि पूरे परिसर में 11 कैमरे लगे हैं। इससे अभद्रता करने वालों में नजर रखी जाएगी। वही कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि नगर क्षेत्र में होली के दौरान हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी, कही भी अराजक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था बाधित करने की कोशिश की जाएगी तो सख्त धाराओं में गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया जाएगा।




# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा। पुलभट्टा पुलिस ने साढ़े दस लाख रुपये कीमत की 105 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा लिया। वह बरेली से किच्छा लेकर आया था। पकड़े गए तस्कर के साथ ही पुलिस ने दो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष पुलभट्टा ने पुलिस टीम के साथ स्मैक तस्करी की सूचना पर घेराबंदी कर मंगलवार शाम पुलभट्टा से भंगा जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। उसकी तलाशी में पुलिस ने उसके पास से 105 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। पकड़े गये तस्कर ने अपना नाम राम बहादुर पुत्र नेम चन्द्र निवासी रम्पुरा शाही थाना शाही जनपद बरेली हाल निवासी शान्ति कालोनी भदईपुरा थाना रुद्रपुर बताया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर जब पुलिस ने लालपुर में स्मैक डीलर के यहां छापा मारा तो उसे पहले ही भनक लग गई ओर वह परिवार सहित फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपित राम बहादुर सहित स्मैक डीलर आकाश अग्रवाल के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 10.50 लाख रुपये बताई जा रही है।

# सेवानिवृत ऊर्जा विभाग के कर्मचारी को दी विदाई

सितारगंज(उद संवाददाता)। बिजली विभाग में कार्यरत अमर बहादुर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। नानकमत्ता के बिजली घर तैनात अमर सिंह बहादुर वर्ष 1984 में विद्युत विभाग में कार्यरत हुए। मंगलवार को अमर बहादुर सिंह सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके सेवानिवृत्त होने पर नानकमत्ता बिजली घर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जेई नीरज कुमार, गणेश महाराज, मोहम्मद जावेद, गोपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, किशनचंद, राहुल रस्तोगी मौजूद थे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा एक प्रा0 प्लाट/भवन सं0-ए-24 क्षेत्रफल-30x63 फिट, खसरा सं0-43/2/1 मि0 वाक्या मौजा-ग्राम रम्पुरा पार्ट (वैशाली कालोनी), परगना व तहसील-रूद्रपुर, जिला-ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में है। उपरोक्त संपत्ति की पुरानी वर्ष 2010 की मूल रजिस्ट्री जो पूर्व मालिक श्री राजकुमार पुत्र श्री मुलखराज द्वारा आशा पशरीचा के पक्ष में निष्पादित की गयी थी, जिसका पंजीकरण समक्ष श्रीमान उप-निबन्धक, महोदय, किच्छा के पुस्तक सं0-1, बही सं0-424, पेज 107 से 122 क्रमांक 6706 पर दर्ज है, रूद्रपुर मुख्य बाजार क्षेत्रांतर्गत दिनांक 24.02.2023 को खो गयी है जो कि खोजबीन के पश्चात नहीं मिल पायी है।

**परवीन कुमार आहूजा पुत्र श्री सांई दास आहूजा**
निवासी-म0नं0-ए-24, वैशाली कालोनी, रूद्रपुर,
जिला उधम सिह नगर, उत्तराखण्ड

# डीएम ने परीक्षार्थियों को दिए सफलता पाने के टिप्स

बागेश्वर(उद संवाददाता)।2023 की बोर्ड परीक्षा की तिथि नजदीक आते ही विवेकानंद विद्यालय मंडलसेरा के 12वी के परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों को विदाई दी गई,परिषदीय परीक्षा 2023 में शामिल हो रहे कक्षा 12वीं के 334 छात्र छात्राओं को कक्षा11वीं के छात्र छात्राओं की विदाई हेतु शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में जिलाधिकारी अनुराधा पाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची, विद्यालय प्रबंधन और प्रबंधक एड कुंदन परिहार और प्रधानाचार्य




ने पुष्पगुच्छ देकर डीएम अनुराधा पाल का स्वागत किया, छात्रों ने स्वागत मंगल गीत गाया, डीएम अनुराधा पाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर छात्रों को परीक्षाओं में सफलता के मूल मंत्र दिए, साथ ही अपने निजी अनुभवों को परीक्षा में शामिल होने वालों छात्रों के साथ सांझा किया, इस दौरान छात्रो ने जिलाधिकारी से संवाद कर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के मूल मंत्रों की जानकारी ली,छात्रों को दिए गए टिप्स से छात्र उत्साहित नजर आए,मोटिवेशन प्रेरणादाई रहा। इस अवसर पर अभिवावक संघ अध्यक्ष कैप्टन उत्तम सिंह टाकुली, प्रबंधक कुंदन सिंह परिहार, उपप्रबंधक आशीष धपोला, कोषाध्यक्ष रमेश कांडपाल एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सीएम की आभार रैली...**लागू होने से युवाओं में अत्मविश्वास बढ़ा है। श्री धामी ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा नकल माफिया को कोई भी व्यक्ति समाज में खुला नहीं घूम पायेगा। उसका सही स्थान जेल की सलाखें ही हैं। श्री धामी ने कहा कि राज्य में पहला भर्ती घोटाला पटवारी भर्ती का था। यदि उसी समय सख्त कार्रवाई की गई होती तो आज देवभूमि में नकल माफिया नहीं पनपे होते। उन्होंने कहा अब तक छह भर्ती घोंटालों की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज से कराये जाने का सरकार ने निर्णय लिया है। समाचार लिखने तक जनसभा जारी थी। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मंत्री बंशीधर भगत, कुंदन लटवाल, सरिता आर्या, मेयर जोगेन्द्र रौतेला,प्रताप सिंह, तरूण पंत, रेनू अधिकारी, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, अरविंद पाण्डे,गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, शिव अरोरा,राजेंद्र सिंह बिष्ट, विकास भगत, बेला तोलिया, धर्मानंद तिवारी, हरिमोहन अरोड़ा, राजेंद्र अग्रवाल, प्रकाश रावत समेत हजारों भाजपाई थे।

**सीएम का विरोध...**को देखते हुए सीओ बीएस धौनी, कोतवाल हरेंद्र चौधरी के अलावा कई थाने के एसओ भी बुलाये गए थे। करीब दस मिनट तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तिकोनिया चौराहे पर ही गिरफ्तार कर लिया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, प्रदेश सचिव राधा आर्य और उनके साथ मौजूद तमाम यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कहा जहां एक तरफ सरकार से भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, तो वही नकल विरोधी कानून लाकर खुद की वाहवाही लूटने का कार्य कर रही है। सीबीआई जांच की मांग को लेकर यूथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा एवं पुष्कर धामी के कार्यक्रम का विरोध किया जा रहा है।

**नगर निगम के..** धन का दुरूपयोग कर रहे हैं। नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कई कालानिया में जो विकास कार्य किये जा रहे हैं उन कालोनियों में समितियाँ बनाकर विकास शुल्क कालानीवालों से वसूला जाता है व विकास कार्य किन मदों में खर्च होता है उसका कुछ पता नहीं। जबकि सड़कें, नालियां बिजली की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। इस तरह से सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रूपयों का गोल माल हो रहा है। मलिन बस्तियाँ मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कांग्रेसियों ने कहा कि मेयर बिना कोरम पूरा किये ही बोर्ड की मीटिंग में प्रस्तावों को पारित करा रहे हैं। कांग्रेस समर्थित पार्षदों को बोर्ड की मीटिंग में बोलने का मौका भी नहीं दिया जाता। बोर्ड में पूर्व में पारित 45 टेण्डरों पर कार्य न करवाकर अपनी मनमर्जी से कार्य कराये जा रहे हैं। कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में मेयर की कार्य शैली एवं बोर्ड में पारित प्रस्तावों की निष्पक्ष जाँच कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो निगम के खिलाफ आंदोलन तेज किया जायेगा। विरोध प्रदर्शन में पार्षद मोनू निषाद, मोहन खेड़ा, सुनील आर्या, गोपाल भसीन, गोला, बाबू, सुशील मण्डल, सतीश, मोहन भारद्वाज,मानस बैरागी, प्रीति साना आदि सहित कई कांग्रेसी थे।

**बारातियों की कार...**बैठा और कार खाई में जा गिरी। कार में कुल 13 लोग सवार थे, जो खेतों में छिटक गए। ग्रामीणों को घटना का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एसडीएम कुमकुम जोशी मौके पर पहुंची। इस दौरान एसडीआरएफ और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से घायलों को खाई से निकाला। 108 की मदद से घायलों को जोशीमठ अस्पताल ले जाया गया। जहां दो घायलों की मौत हो गयी। कुछ गंभीर घायलों को रैफर किया गया है। सभी घायल थैंग गांव के निवासी हैं।

**दुकान में घुसकर....**उसे परेशानी होती है। अगर आज के बाद दोबारा गाड़ी खड़ी कराई तो गोली मार दूंगा। आरोप है कुछ देर बाद वह व्यक्ति दोबारा उसकी दुकान पर दो अन्य व्यक्तियों आकाश गाबा और सन्नी गाबा के साथ आकर उसके साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद मामला शान्त होने पर सन्नी गाबा, प्रांजल गाबा और उनके साथ कुछ अन्य 7 से 8 लोग वहां पर आकर फिर से मारपीट करने लगे। अभय का आरोप है इतने मे प्रांजल द्वारा अपने लाईसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी जिस पर वह बमुश्किल अपनी जान बचाकर वहां से भागा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चोरी की बाईस...**इतनी बड़ी संख्या में चोरी की बाइकें बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी अली हसन उर्फ मुन्ना घरों में पुट्टी करने का काम करता था। लेकिन मुख्य रूप से वह बाइक चोरी में लिप्त था। इस दौरान वह घरों में खड़ी बाईकों के बारे में पूरी जानकारी ले लेता था।दिन में पुट्टी का काम करता था और फिर बाद में बाइक चोरी कर लिया करता था। उन्होंने बताया कि इस शातिर बाइक चोर के द्वारा खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज किच्छा आदि शहरों से बाइकें चोरी की गई है।

**रंजिशन घर में ...**कहते हुए उसकी पुत्री रुकसार के पेट में इकबाल ने लात मार दी तथा उसे बाल पकड़कर घसीटने लगा। परिवार वालों को बुरी तरह मार-पीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस घटना में उसे तथा उसके परिवार वालों को गंभीर रूप से गुम चोटे आई है। उक्त लोगों से लगातार अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**हादसे में बाइक ...**सवार बाजार से घर लौट रहा था। स्थानीय नागरिकों ने घटना की सूचना पीपलकोटी पुलिस चौकी को दी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय नागरिकों ने बाइक सवार को 108 के माध्यम से जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा, जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बाइक सवार की शिनाख्त नितिन सिंह निवासी काशीपुर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। नितिन एचसीसी कंपनी पीपलकोटी में इंजीनियर के पद पर तैनात था।

**पुत्रियां पैदा होने...** देवर सलमान, चाचा ससुर जाबिर बार बार उसे ताने देते कि तू लडकियां पैदा कर रही है और उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते है। 26 फरवरी को उक्त लोगों ने मिल कर उसके साथ मारपीट की और घायल कर दिया। जिस पर वह अपनी बहिन के साथ पुलिस चौकी में शिकायत देने जा रही थी कि रास्ते में अग्रसेन अस्पताल के सामने सलमान व जाबिर ने उसे मार मार कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के पुलिस को सूचना देने पर उसकी जान बच गयी अन्यथा वह जान से ही मार देते। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चोरी का खुलासा नहीं होने पर थानाध्यक्ष का घेराव

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। भाजपा मण्डल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता तथा पूर्व बार ऐसोशियन अध्यक्ष तथा गदरपुर विधायक के भाई विधायक अरविन्द पाण्डेय के भाई अमर पाण्डेय के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य व दर्जनों ग्रामीण केलाखेडा थाने पहुचे जहा पर उनके द्वारा थानाध्यक्ष को घटना का खुलासा करने के लिए दो दिन का समय दिया गया। थानाध्यक्ष से वार्ता के पश्चात प्रदर्शनकारियो द्वारा धरना समाप्त कर युवा मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष कंबोज, जिला पंचायत सदस्यअजीत पाल,बलदेव सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, जगदीश,अजय शर्मा,शेर





के नेतृत्व में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान व भाजपा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सपा नेता तथा दर्जनों ग्रामीणों ने पूर्व में हुई चोरी का खुलासा ना होने तथा दो दिन पूर्व हुई चोरी की रिपोर्ट ना दर्ज होने के चलते थाने में थानाध्यक्ष का घेराव किया। थाना परिसर में पुलिस के विरूद्ध नारेवाजी करते हुए धरने पर बैठ गये। थानाध्यक्ष द्वारा प्रदर्शनकारियो से चोरी के सम्बंध मे तत्काल अभियोग दर्ज करने व जल्द ही चोरी का खुलासा करने के आश्वाशन पर प्रदर्शनकारियो द्वारा पुलिस को दो दिन का समय देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम रामनगर निवासी हीरालाल पुत्र लाल चंद के घर दिनॉक 23 फरवरी 2023 को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा घर में धूस कर घर मे रखी अलमारी से सोने का हार,सोने के झूमके,चॉदी की पाजेव व पॉच हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली गई। जिसकी सूचना हीरा लाल के अनुसार पुलिस को दे दी गई थी तथा गॉव के कुछ व्यक्तियो पर शक भी जताया गया था। परंतु पुलिस द्वारा पॉच दिन गुजर जाने पर भी घटना का कोई खुलासा ना होने के चलते ग्राम रामनगर निवासी पूर्व बार ऐसोशियन अध्यक्ष शिवराज सिंह राणा,भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कालड़ा,सपा नेता अरविन्द यादव व नगर पंचायत केलाखेड़ा अध्यक्ष अकरम खॉ द्वारा थाने में मौजूद उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह अधिकारी का घेराव किया गया व पुलिस की कार्यप्रणाली पर आक्रोश जताते हुए गंभीर आरोप लगाये। उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह अधिकारी से तीखी नोकझोंक के बाद प्रदर्शनकारी थाने परिसर में धरने पर बैठ गये व पुलिस के विरूद्ध नारेवाजी करने लगे। इसी दौरान थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल थाने पहुचे और प्रदर्शनकारियो को शांत कर उन्हे धरने से उठा अपने कार्यालय मे उनसे वार्ता की। वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष द्वारा प्रदर्शनकारियो को बताया गया कि चोरी प्रकरण में पुलिस द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा जिसके सन्दर्भ में अभी टेक्निकल व मैनूअल कार्य किया जा रहा है वही प्रदर्शनकारियो द्वारा बताया गया कि एक वर्ष पूर्व भी गॉव मे इसी प्रकार चोरी हुई थी परंतु उसका भी आज तक खुलासा नही हुआ है। प्रदर्शनकारियो दिया गया। इस मौके पर अरविंद यादव, उदय पाल , अमर पांडेय, अकरम पठान , बुद्ध सिंह,अरविंद राणा, जुल्फेकार, हीरा लाल,रविंद्र सिंह,ओम चंद, करम चंद, युवा मंडल उपाध्यक्ष विक्रम कंबोज, अभिषेक राणा,शौकीन अंसारी, जेठा राम, रोशन लाल आदि दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

## अपनी ही सरकार में धरने पर बैठे भाजपाई

केलाखेडा। थाना परिसर में उस समय असमंजस की स्थिति बन गई जब प्रदेश में भाजपा की मौजूदा सरकार के केलाखेडा मण्डल के पदाधिकारी व मौजूदा विधायक के भाई अमर पाण्डेय के समर्थन को सपा नेता अरविन्द यादव तथा समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर चुनाव जीते नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम पठान व पूर्व बार ऐसोशियन अध्यक्ष शिवराज राणा ,जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के समस्त मोर्चो के प्रभारी ही थाने में धरने पर बैठ गये। यह प्रकरण क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया कि एक दूसरे के धूर विरोधी कैसे एक साथ चोरी के खुलासे को लेकर धरने पर बैठे जबकि कायदे अनुसार विपक्ष का तो धरना प्रदर्शन करना बनता है परंतु मौजूदा सरकार के संगठन के पदाधिकारी ही अपनी ही सरकार की कानून व्यवस्था पर दोषारोपण करेंगे तो जवाब देही किसकी होगी? वहीं थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल ने कहा कि घटना के संदर्भ में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा सभी पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# थाने में किया आत्मदाह का प्रयास,पुलिस में मचा हड़कंप



## जमीनी विवाद पर पिता पुत्र पहुंचे थे थाने,बोतल में पेट्रोल देने पर उठे सवाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। पिता-पुत्र में जायदाद की बटवारा को लेकर पुत्र ने थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की, आनन-फानन में पुलिस कर्मियों के द्वारा बमुश्किल आग जलने से पूर्व युवक को बचा लिया। संपत्ति विवाद को लेकर मंगलवार को सरफराज का अपने पिता तुफेल के साथ विवाद हुआ। उसके बाद दोनों में कहासुनी होने के बाद दोनों एक दूसरे के खिलाफ थाने पहुंचे। जहां पुलिस की मौजूदगी में दोनों के बीच काफी नोकझोंक हुई। आक्रोशित सरफराज पिता के सामने थाने परिसर के अंदर आत्महत्या करने की धमकी दी। और वहां चला गया उसके पीछे पीछे उसका पिता भी थाने से बाहर निकल गया। कुछ ही देर में सरफराज प्लास्टिक की बोतल में



पेट्रोल लेकर थाने पहुंचा और पुलिस कार्यालय के सामने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क दिया और माचिस निकाल कर जैसे ही आग लगाने की कोशिश की, वैसे ही हो हल्ला होकर वहां पर मौजूद पुलिस कर्मी होमगार्ड सुभाष चंद्र शर्मा ने युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया तब तक अन्य पुलिस कर्मी भी घटना वाली जगह थाने में पहुंचे और थाने में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, देखते ही देखते थाने में काफी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने सरफराज के खिलाफ 151 के तहत मजिस्ट्रेट चालान किया। बाद में पुलिस उनके पिता को बुलाकर दोनों में बातचीत करवाई गई वही जिस पंप से बोतल में पेट्रोल लाया गया पंप कर्मचारी ने कहा कि मजबूरी का बहाना बनाया था कि हमारी बाइक में तेल खत्म हो गया है जिस के अनुरूप तेल दे दिया गया वहीं पंप स्वामी द्वारा मामले की लीपापोती करते हुए बताया कि हमारे पंप से तो डीजल लिया था रास्ते में उसने कहां से चेंज करा कुछ कहा नहीं जा सकता वहीं थाना पुलिस द्वारा युवक का शांतिभंग में चालान किया है। पेट्रोल पंप में ग्राहकों को प्लास्टिक की बोतलों या कंटेनर में पेट्रोल देना प्रतिबंध है लोग पानी की प्लास्टिक को बोतलों को पेट्रोल लाने ले जाने उपयोग में लाते हैं जो काफी खतरनाक है यदि पेट्रोल देते समय इस में आग लग जाए तो पंप में गंभीर हादसा हो सकता है लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर इस पर पाबंदी लगाना जरूरी भी है लेकिन पंप पर खुलेआम नियमों से खिलवाड़ करते तथा बिना आनाकानी की बोतल में पेट्रोल डाल दिया जाता है एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत इसके लिए सरकार ने सुरक्षा नियम तय किए हुए हैं जिसका पालन सभी पेट्रोलियम कंपनी के पंपों में अनिवार्य रूप से करना होता है लेकिन गदरपुर के पेट्रोल पंप कर्मचारी इस नियम को ठेंगा दिखाकर पेट्रोल बेच रहे हैं अपने इस कृत्य से स्वयं पंप परिसर में मौजूद लोगों की जान को खतरे में डाल रहे हैं ग्राहक भी अपने इस कृत्य के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं पंप कर्मचारियों का कहना है कि कुछ उपभोक्ता अपनी मजबूरी का हवाला देकर में बोतलों में पेट्रोल भरा कर ले जाते हैं।

# डीबी चंद उत्तराखंड प्रो लीग से मिलेगा युवाओं को नया मंच

## जैन ग्लोबल स्कूल में यू पी एल का आयोजन 31 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अब जल्द ही आईपीएल जैसे रोमांचक का मजा खेलप्रेमी उत्तराखंड में भी ले सकेंगे। प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाएगा। जिसका नाम उत्तराखंड प्रो लीग होगा। उत्तराखंड प्रो लीग के चेयरमैन व उद्योगपति डी बी चंद्र ने प्रेस वार्ता में बताया कि आयोजन की खास बात यह है कि इसमें टेनिस की बॉल से लीग होगा।उत्तराखंड का अब तक का सबसे बड़ा टेनिस क्रिकेट लीग होगा।जिसमें युवा क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इस लीग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन होगा। उन्होंने कहा उत्तराखंड के युवाओं में क्रिकेट के प्रति काफी जोश है और उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस जरूरत है तो उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म की। उत्तराखंड के कई युवा आज इंडियन क्रिकेट टीम और आईपीएल का हिस्सा है। जो उत्तराखंड का व अपने माता पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। उत्तराखंड के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए। डी बी चंद ने इससे पहले मुंबई में क्रिकेट की कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया है जिससे प्रेरित होकर उन्होंने उत्तराखंड के युवाओं को क्रिकेट में आगे लाने का बीड़ा उठाया।डीबी चंद ने बताया कि उनका सपना है कि उत्तराखंड के युवाओं को क्रिकेट में एक बेहतर प्लेटफार्म देना व उत्तराखंड के युवाओं को इंडियन क्रिकेट टीम में शीर्ष पदों पर देखना। उनका कहना है कि उत्तराखंड के युवाओं में बहुत प्रतिभा है बस कमी है उन्हें सही दिशा देने की जिसके लिए वह आगे बढ़ कर आए और वह अपना मुंबई का कारोबार छोड़ अपना व उत्तराखंड के युवाओं को सपनों को पूरा करने के लिए उत्तराखंड में यूपीएल का जोरदार आगाज कर रहे हैं। डीबी चंद्र ने वार्ता में बताया कि इस बार तो वह कुमाऊं मंडल में इस लीग को भव्य स्तर पर करेंगे। अगले साल इस लीग को पूरे उत्तराखंड में कराएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुमाऊं मंडल के 6 जिलों पिथौरागढ़ पैंथर, रॉयल चंपावत। इन टीमों का जोरदार व भव्य ऑक्शन रुद्रपुर के प्रतिष्ठित रेडिसन होटल में होगा चकाचौंध,और ग्लैमर का एक अद्भुत संयोजन होगा लीग में उत्तराखंड से बाहर के 24 नेशनल स्टार टेनिस




से आठ टीमों होंगी। जिनके नाम हैं हल्द्वानी कैपिटल, उधम सिंह नगर लॉयन, रुद्रपुर किंग, नैनीताल टाइगर, अल्मोड़ा इलेवन, बागेश्वर चौलेंजर्स, जिसमें 8 टीम के ओनर आएंगे और अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का ऑक्शन के द्वारा 15 सदस्य टीम का चयन करेंगे। डीबी चंद ने बताया उत्तराखंड प्रो लीग, क्रिकेट खिलाड़ी भी शिरकत करेंगे। प्रत्येक टीम में 12 उत्तराखंडी खिलाड़ी व 3 नेशनल स्टार टेनिस क्रिकेट खिलाड़ी होंगे व कुल मिलाकर 15 खिलाड़ियों की टीम होगी प्रत्येक टीम को लीग की तरफ से कोच व मेंटोर दिए जाएंगे। लीग को और रोमांचित करने के लिए चीयरलीडर्स भी होंगी टीम के खिलाड़ियों के ऑक्शन के बाद 8 टीम के बीच में मैच का मुकाबला 31 मार्च, 1व 2 अप्रैल 2023 को रुद्रपुर के काशीपुर रोड जैन ग्लोबल स्कूल के ग्राउंड में शुरू होंगे। लीग के सफल आयोजन के लिए मुंबई की जानी मानी स्पोर्ट्स इवेंट कंपनी अल्टीमेट स्पोर्ट्स इवेंट कंपनी को जिमेदारी सौपी गई है।डी बी चंद ने बताया कि उत्तराखंड के मशहूर समाज सेवी मुंबई बेस उत्ताराखंड की खोज के नायक जगजीवन कन्याल इस लीग के ब्रैंड एंबेसडर होंगे। प्रेस वार्ता में लीग के ब्रैंड एंबेसडर समाजसेवी जगजीवन कन्याल ,समाजसेवी दीपक पांडे, पुलिस ऑल इंडिया बॉक्सिंग के पूर्व कोच सीके जोशी, हेम पंत, पवन सहगल, रुद्रा लाइंस क्रिकेट एकेडमी कोच नवीन टम्टा, नवीन चंद आदि लोग उपस्थित थे।